# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'सदैव अटल' स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

- **अटल बिहारी वाजपेयी का** जन्म 25 दिसंबर, 1924 को तत्कालीन ग्वालियर रियासत (अब मध्य प्रदेश का हिस्सा) में हुआ था।
- **उन्होंने वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया, जिसने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अंत को गति प्रदान की।**
- **वर्ष 1947 में वाजपेयी ने दीनदयाल उपाध्याय के समाचार पत्रों - राष्ट्रधर्म (एक हिंदी मासिक), पांचजन्य (एक हिंदी साप्ताहिक)** और **स्वदेश तथा वीर अर्जुन जैसे दैनिक** के लिये एक पत्रकार के रूप में काम करना शुरू किया।
    - **बाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी** से प्रभावित होकर वह वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ में शामिल हुए।
- वह दो बार वर्ष 1996 और 1999 में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में निर्वाचित हुए।
- एक सांसद के रूप में वाजपेयी को वर्ष 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद के लिये **पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उन्हें "सभी विधिनिर्माताओं के लिये आदर्श" के रूप में परिभाषित करता है।**
- वर्ष 1994 में उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण तथा वर्ष 2015 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- 16 अगस्त, 2018 को उनका निधन हो गया।

**और पढ़ें:** अटल बिहारी वाजपेयी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/former-pm-shri-atal-bihari-vajpayee-s-punya-tithi